हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 14 जुलाई 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4

लगातार बारिश के बाद रोपाई के काम में व्यस्त हुए किसान



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक आज

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 14 जुलाई को बलौदा रोड, मनका दाई मंदिर के पास स्थित पेंशनर भवन में आयोजित की जाएगी। संघ के प्रांतीय महामंत्री रतनलाल कैवर्त में बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को मासिक बैठक का आयोजन किया जाता है लेकिन इस माह अपरिहार्य कारणों से 14 जुलाई को बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में संघ के संस्थापक स्व. जगत सिंह बैस के पुण्यतिथि श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन करते हुए आईटीआर भरने, पोस्टकार्ड अभियान चलाने सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की जाएगी। बैठक मेंअधिक से अधिक पेंशनधारकों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### खेल एवं युवा कल्याण विभाग देगा युवा रत्न सम्मान

**जांजगीर-चांपा।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, साहसिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं को उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू की गई है। इस कार्य में व्यक्तियों, संगठनों के योगदान को प्रोत्साहित करने मान्यता देने एवं प्रतिष्ठ मंडित करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों एवं संगठनों को युवा रत्न सम्मान प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य के क्षेत्र में दिया जाएगा। जिसके अंतर्गत चयनित युवा को 2 लाख 50 हजार रूपए एवं चयनित संगठन को 5 लाख रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसी तरह युवा रत्न सम्मान अंतर्गत सामाजिक, साहित्य, नवाचार उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, मीडिया, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कला एवं संगीत सांस्कृतिक, लोककला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को 1-1 लाख रूपए का पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग पुरानी सिंचई कलोनी से संपर्क कर सकते हैं।

### स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलखन एवं सेजेस शिवरीनारायण में 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुडवाने एवं निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से किये जा रहे नवाचारों की जानकारियों के जनहित में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार का निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर प्रयोग करने तथा लोकतंत्र में अपने सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान छात्रों को वोटर हेल्पलाइन एप्लीकेशन तथा चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

### नाबालिग के साथ अनाचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** नाबालिक बालिका के साथ अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने तमिलनाडु से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार लछनपुर निवासी मनोज कुमार साहू एक नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया था। आरोपी द्वारा नाबालिग को तमिलनाडु में अपने कब्जे में रखा गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। कोतवाली पुलिस ने तमिलनाडु जाकर आरोपी को पकड़ा और उसके कब्जे से अपहता को बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया।

कॉपी, पुस्तकों के दामों में बढ़ोतरी, मध्यम वर्ग के लोगों की बढ़ी परेशानी

# निजी स्कूल में बच्चों को पढ़ाना अभिभावकों को पड़ रहा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

निजी स्कूलों में बच्चों का प्रवेश महंगा हो गया है, जिसके चलते मध्यम वर्ग के लोगों को सर्वाधिक परेशानी होती है। प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना पालकों को अब काफी महंगा पड़ रहा है। कापी पुस्तकों के दामों में भी लगातार वृद्धि हो रही है। इसे लेकर जिम्मेदार विभाग को कोई सरोकार नहीं रहता है।

गौरतलब है कि 16 जून से नए शिक्षा सत्र की शुरूआत हो गई है। इसके साथ ही निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश दिलाने का काम चल रहा है। बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा दिलाना अब आम आदमी के बस की बात नहीं रह गई है। हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के साथ सीबीएसई विषय की पढ़ाई कराने वाले स्कूलों में जो फीस ली जाती है, वह मध्यम वर्ग के लोगों के लिए आसान नहीं रह जाता। ऐसे में उनके घरों का बजट भी प्रभावित होता है। सामान्य स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की फीस और पाठ्यपुस्तक की सामग्री के साथ स्कूल ड्रेस, जूता, मोजा, टाई, बैच, बेल्ट, स्कूल बैग, पानी बॉटल आदि सामानों की खरीदी करने में पालकों को महंगी फीस चुकानी पड़ती है। इसके साथ ही वाहन का खर्च अलग से रहता है। ऊपर से यदि पालक बड़े प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाना चाहे , तो उसके चार से छह महीने का मिलना वाला वेतन भी कम पड़ सकता है। इधर निजी स्कूलों के संचालकों ने हर साल की तरह इस बार भी एडमिशन फीस एवं अन्य फीसों में बढ़ोतरी की है। साथ ही स्कूल ड्रेस, स्टेशनरी सामान आदि का खर्चा अलग से लगता है। बढ़ते प्रतिस्पर्धा के दौर में आज कोई पालक अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाना चाहता है। हिन्दी मीडियम, अंग्रेजी मीडियम एवं सीबीएसई पाठयक्रम संचालित करने वाले स्कलों का अपना अलग ही महत्व है। ऐसे स्थिति में फीस का मापदंड भी सुविधा और स्टेसस के अनुसार तय किया जाता है। सामान्य प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी से क्लास टू तक के बच्चों की एडमिशन फीस 12 से 15 हजार रुपए है, तो वहीं बड़े प्राइवेट स्कूलों में 35 से 45 हजार रुपए तक की फीस ली जाती है। इसी तरह क्लास 3 से क्लास 5 तक सामान्य स्कूलों में 13 से 17 हजार रुपए तक फीस वसूली ली जाती है। तो बड़े स्कूलों में 28 हजार से 38 हजार रुपए तक फीस ली जाती है। इसी तरह मीडिल स्कूल में 18 से 20 हजार रुपए तक की फीस ली जाती है, तो उनसे बड़े निजी स्कूल में मीडिल स्कूल की फीस 50 से 60 हजार रुपए तक होती है। ऐसे पालकों के बच्चों को निजी स्कूलों के 25 प्रतिशत आरक्षित सीट पर निःशुल्क भर्ती लिया जाना रहता है। बावजूद इसके नियम, कानून को ताक में रखकर निजी स्कूल के संचालक ऐसे गरीब बच्चों को अपने स्कूल में प्रवेश नहीं देते है, जबकि इसके लिए शासन द्वारा प्रति बच्चे 7 से 8 हजार रुपए निजी स्कूल के संचालकों को दिए जाते है।



स्कूल में पढ़ाई करते बच्चे

### कापी, पुस्तक खरीदने के लिए दुकान चिन्हांकित

निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए कापी, पुस्तक खरीदने के लिए दुकान का चिन्हांकन कर दिया जाता है। ऐसे में बच्चे एवं पालक जब अन्य दूसरे दुकान से पुस्तक खरीदते है तो यही पुस्तकें नहीं चलेगी, ऐसा फरमान भी संबंधित दुकान के प्राचार्य एवं संचालक द्वारा जारी कर दिया जाता है। जिसके चलते मध्यम वर्ग के पालकों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इसके अलावा शहर के भीतर ही निजी स्कूलों के संचालकों द्वारा ऐसी व्यवस्था बनाई जाती है कि संबंधित स्कूल में जो विषय की पढ़ाई कराई जाती है। उसकी पुस्तक एक ही दुकान पर मिलती है। यूं देखा जाए तो उक्त स्कूल की किताब व अन्य सामग्री अन्य दुकानों में उपलब्ध नहीं रहती है। जिन्हें मजबूरी में वहीं से खरीदना पड़ता है।

### शिकायत पर कार्रवाई

निजी स्कूलों में फीस बढ़ाने के संबंध में स्कूल प्रबंधन द्वारा बनाई गई समिति से अनुमोदन जरूरी है। दुकान संचालकों को निर्धारित दर पर ही यूनिफॉर्म पुस्तक एवं अन्य वस्तुओं बेचना है। इसे लेकर कलेक्टर से चर्चा भी हुई है। अधिक दामों में बेचने की शिकायत मिलने पर कार्यवाही भी की जाएगी।

**-अश्वनी भारद्वाज, डीईओ**
जांजगीर-चांपा

# मां के साथ सो रही बच्ची की घर के पीछे गड्ढे में मिली लाश

## पामगढ़ थाना क्षेत्र के धाराशिव की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मां के साथ घर में सो रही 4 माह की मासूम बच्ची गायब हो गई। खोजबीन करने पर बच्ची की लाश घर के पीछे पानी से भरे गड्ढे में मिली। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धाराशिव का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धाराशिव निवासी पूनम गोस्वामी की शादी शहडोल में हुई थी। पूनम की चार माह पहले डिलवरी हुई और उसने मांडवी को जन्म दिया। डिलवरी के बाद पूनम अपनी बेटी मांडवी के साथ मायके धाराशिव में रह रही थी। रविवार की दोपहर पूनम अपनी बच्ची मांडवी के साथ घर में सो रही थी। वहीं पूनम की मां भी बगल वाले घर में सो रही थी। पूनम जब नींद से जगी तो उसकी 4 माह की बच्ची मांडवी गायब थी। पूनम ने खोजबीन की तो घर में कहीं उसका पता नहीं चला। रिश्तेदारों और पड़ोसियों से पूछताछ करने पर भी बच्ची की कोई जानकारी नहीं मिली। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने आसपास तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान घर के पीछे कुछ दुरी पर पानी से भरे गड्ढे में मांडवी की लाश मिली। पुलिस ने एफ एस एल टीम को भी मौके पर बुलाया। पामगढ पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।बच्ची का अपहरण कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि मांडवी की मां पूनम गोस्वामी की तबियत खराब होने के कारण वह दवा खाकर सो गई थी और मांडवी भी उसके बगल में ही सोई थी। दवा खाने के कारण पूनम गहरी नींद में सो गई, जिसके कारण उसे बच्ची के गायब होने का पता ही नहीं चला। आशंका है कि बच्ची का अपहरण कर हत्या करने के बाद पानी से भरे गड्ढे में फेंक दिया गया होगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसी क्या दुश्मनी रही, जिसके कारण मासूम बच्ची की जान ले ली गई। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।



जिस गड्ढे में लाश मिली वहां जांच करती पुलिस।

## गोधना में सोने का आभूषण चोरों ने किया पार, जांच में जुटी पुलिस

**जांजगीर-चांपा।** आदर्श ग्राम गोधना के मिलन चौक के पास निवासरत एक महिला के घर से चोरों ने सोने का आभूषण पा कर दिया है। पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आदर्श ग्राम गोधना के मिलन चौक में चोरी की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। यहां निवासरत राजकुमारी साहू के घर से अज्ञात चोरों ने दो ग्राम सोना पार कर लिया। चोरी गए आभूषणों की अनुमानित कीमत 20 हजार रुपए बताई जा रही है। राजकुमारी साहू ने बताया कि घटना दो दिन पहले की है, लेकिन जब खुद से खोजबीन करने पर कोई सुराग नहीं मिला, तब 13 जुलाई को नवागढ़ थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोग रात में भी चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं। ग्रामीणों ने की गश्त बढ़ाने की मांग गांव के लोगों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने की मांग की है।

# लगातार बारिश से जर्जर सड़क पर आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम

खरसिया-सपिया मार्ग की बदहाली इन दिनों ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। लगातार हो रही बारिश से सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और उस पर बना पुल भी धंसते जा रहा है। इससे न केवल ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है, बल्कि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भी जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है।

**खास बात**
- जान जोखिम में डालकर आवागमन करने की मजबूरी

सड़क की बदहाली से ग्रामीण परेशान है। समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत सपिया के सरपंच, उप सरपंच तथा ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी को जिला कलेक्टर के नाम एक लिखित आवेदन सौंपते हुए सड़क और पुल की भयावह स्थिति से अवगत कराया है, उन्होंने बताया कि बारिश के कारण सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे बाइक, सायकल और कार सवार अक्सर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों ग्रामीण, स्कूली छात्र-छात्राएं और वाहन चालक गुजरते हैं। कई बार इस मार्ग पर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब पुल के धसने और सड़क की हालत ने लोगों की जान को जोखिम में डाल दिया है। जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सपिया मार्ग और पुल की तत्काल मरम्मत कराई जाए ताकि ग्रामवासियों को राहत मिल सके और किसी भी संभावित बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।



जर्जर सड़क।

# शहर के 5 हजार से अधिक घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के 14 हजार विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का लक्ष्य मिला है, जिसके तहत करीब 9 हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूरा हो चुका है। वहीं अभी 5 हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना बाकी है। नवम्बर महीने तक टारगेट हर हाल में पूरा करने की चुनौती बनी हुई है। अभी शहर मे इस तरह का मीटर लगाने का काम चल रहा है।

- नवम्बर महीने तक लक्ष्य पूरा करने का मिला है समय

गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला की आबादी बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए 50 हजार को पार कर गई है। हर साल नए मकान बडे पैमाने पर बन भी रहे है, जिस तरह से मकान बन रहे है उसके अनुसार बिजली के नए कनेक्शन लेने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ती ही जा रही है। विभागीय जानकारी के अनुसार जांजगीर शहर में विद्युत कनेक्शन धारी उपभोक्ताओं की संख्या 14 हजार से भी अधिक है। इनमें से करीब 9 हजार कनेक्शन धारी उपभोक्ताओ के यहां स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। वही अभी 5 हजार लोगों के घरों तक स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य करना अभी बाकी है। शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य नवम्बर 2024 से प्रारंभ किया गया है। वहीं साल भर के भीतर नवम्बर महीने तक लक्ष्य पूरा करने की चुनौती बनी हुई है। शहर में आज लोग जरूरत के हिसाब से अपने घरो में एयरकंडीशनर,वाशिंग मशीन, कुलर फ्रीज सहित अन्य इलेक्ट्रानिक्स उपकरण का उपयोग करते है। जब बिजली का बिल अधिक आता है तो कई विद्युत उपभोक्ता अधिक बिजली का बिल होने की बात को लेकर विद्युत मंडल कार्यालय तक पहुंच जाते है। अब लोग जितने बिजली का उपयोग करेगें उसी के अनुसार बिजली का बिल स्मार्ट मीटर में आएगा।



स्मार्ट मीटर लगाते कर्मचारी।

### बांस बल्ली के सहारे कई घरों तक पहुंचाई जा रही बिजली

जिला मुख्यालय जांजगीर शहर के घडी चौक, रमन नगर के किनारे खोखसा गांव जाने वाले मार्ग पर इन दिनो बडी संख्या में नए मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। मकान बनने के बिजली कनेक्शन की जरूरत पड़ती है। इन उपभोक्ताओं को तुरंत बिजली का कनेक्शन भी नहीं मिल पाता, जिसके चलते उपभोक्ता अस्थाई कनेक्शन लेकर अपने घरो तक बिजली पहुंचाते है। इस चक्कर में बांस बल्ली के सहारे कनेक्शन पहुंचाते है, जिसके कारण हादसों का खतरा बना रहता है।

### चल रहा कार्य

जांजगीर शहर में 14 हजार विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य मिला है।9 हजार लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है।5 हजार लोगों के घरों में मीटर लगाना बाकी है, जो लक्ष्य मिला है उसे समय रहते पूरा करने प्रयास कर रहे है।

**-अमर चौधरी,** अधीक्षण यंत्री
विद्युत मंडल कार्यालय जांजगीर

शिव मंदिरों में तैयारी पूरी, श्रद्धालु पहुंचकर करते जलाभिषेक

# सावन का पहला सोमवार आज, होगी भोलेनाथ की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सावन के पहले सोमवार पर अंचल के शिवालयों में देवाधिदेव महादेव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। श्रद्धालु दूर-दराज से आकर शिव मंदिरों में मत्था टेककर बिल्व पत्र चढ़ाकर दुग्ध एवं गंगाजल से भगवान महादेव का अभिषेक करेंगे। इसके लिए जिले के प्रमुख नगर जांजगीर व चांपा सहित जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में तैयारियां पूरी की जा चुकी है।

धार्मिक मान्यतानुसार शिव पूजा के लिए विशेष माने जाने वाला सावन का पावन महीना शुक्रवार 11 जुलाई से शुरू हो हुआ है जो 9 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगा। सावन के पहले सोमवार पर 14 जुलाई को व्रत रखकर श्रद्धालु विशेषकर महिलाएं विधि विधान से भगवान शंकर की पूजा अर्चना करेंगी। इस तारतम्य में जांजगीर के उमा महेश्वर मंदिर चंदनियापारा, सेंधवार महादेव, भीमा तालाब के पास स्थित काशीविश्वनाथ मंदिर, शिवमंदिर पुलिस लाइन, भूफोड़ महादेव भड़ेसर, चांपा के हटरी बाजार स्थित शिव मंदिर, शंकर नगर स्थित महादेव मंदिर, लक्ष्मणेश्वर महादेव खरौद, लिंगेश्वर महादेव नवागढ़, तुर्रीधाम और बाबा कलेश्वर नाथ पीथमपुर सहित अनेक शिवालयों में सारी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। इस वर्ष सावन माह में चार सोमवार पड़ रहा है। सावन में श्रद्धालु विशेषकर महिलाएं भगवान भोलेशंकर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती है। कई श्रद्धालु पूरे माहभर दाड़ी व बाल कटिंग नहीं कराते है तो मांस-मदिरा के सेवन से भी लोग बचते है।




### लक्ष्मणेश्वर महादेवा की होगी विधि विधान से पूजा अर्चना

**खरौद।** सावन का पहले सोमवार पर 14 जुलाई को लक्ष्मणेश्वर शिव मंदिर में देवाधिदेव महादेव की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। इसमे दूर दराज से शिव भक्त मन्दिर में मत्था टेककर बिल्व पत्र चढ़ाकर दुग्ध एवं गंगा जल से भगवान महादेव का अभिषेक करेंगे। छत्तीसगढ़ के कांशी के नाम से विख्यात मन्दिर में तैयारी पूरी की जा चुकी हैं। धार्मिक मान्यतानुसार शिव पूजा के लिए माने जाने वाला सावन का पावन महीना बहुत ही महत्व होता हैं। सावन सोमवार व्रत रखकर श्रद्धालु विशेष कर महिलाएं व कुंवारी कन्या व्रत रखकर विधि विधान से भगवान शंकर की पूजा अर्चना करेंगे। इस वर्ष सावन में चार सोमवार पड़ रहा हैं। सावन में श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना करती हैं।

### लिंगेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

**तुस्मा।** नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा के ज्योदगीर मोहल्ला स्थित प्राचीन लिंगेश्वर महादेव मंदिर में सावन माह के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ेगी। भगवान शिव के इस पावन धाम पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक, लपूजन-अर्चन तथा विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु दूर-दूर से पहुंचकर भगवान लिंगेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना करेंगे। श्रद्धालुओं में इस मंदिर को लेकर गहरी आस्था है। मान्यता है कि लिंगेश्वर महादेव अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। श्रद्धालु दूध,जल बेलपत्र,धतूरा,फल,पान,और फूल चढ़ाकर भगवान शिव को प्रसन्न करते हैं। पूजा अर्चना के बाद लोग मंदिर प्रांगण में स्थित पवित्र शिवलिंग के समक्ष मत्था टेक कर आशीर्वाद मांगते हैं। सावन माह को भगवान शिव की आराधना का विशेष समय माना जाता है।

# दो बाइक आपस में टकराई एक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

कनस्दा पेट्रोल पंप के पास दो बाइक की आपस में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। घटना में दोनों चालकों को गंभीर चोटें आई। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र खरौद ले जा रहा था, जहां बीच रास्ते में एक बाइक चालक ने दम तोड़ दिया।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसर रविवार 13 जुलाई को रात्रि करीब 8 बजे कनस्दा पेट्रोल पंप के पास दो बाइक के आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस घटना में दोनों ही बाइक सवार को सिर व शरीर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घायलों को संभालते हुए डायल 112 पर फोन कर आपात सहायता की मांग की, लेकिन हादसे के करीब आधा घंटा बीत जाने के बाद भी डायल 112 की टीम मौके पर नहीं पहुंची,जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों ने घायल युवकों को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया। हादसे की सूचना शिवरीनारायण पुलिस को भी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि घायलों का इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र खरौद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने केशला निवासी रोहित साहू को परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। वही दूसरा व्यक्ति की उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों वाहनों की रफ्तार काफी ज्यदा थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि डायल 112 जैसी त्वरित सेवा से समय पर मदद की उम्मीद रहती है, लेकिन इस तरह की लापरवाही न केवल घायलों के लिए खतरनाक है,बल्कि सिस्टम पर भी सवाल खड़े करती है। अगर समय रहते सहायता मिल जाती,तो घायलों की स्थिति कुछ हद तक बेहतर हो सकती थी।



# धनुष की 'कुबेर' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता धनुष की फिल्म 'कुबेर' को 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। नागार्जुन अक्किनेनी और रश्मिका मंदाना ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब 'धनुष' अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है। 'कुबेर' का प्रीमियर 18 जुलाई, से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।

## लाइफ Style



# रोशनी

## 'सन ऑफ सरदार 2' में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सन ऑफ सरदार 2' में मृणाल ठाकुर, नीरू बाजवा, संजय दत्त और रवि किशन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। अभिनेत्री रोशनी वालिया भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, जिनकी इस वक्त खूब चर्चा हो रही है। रोशनी वालिया बॉलीवुड की एक उभरती हुई अभिनेत्री हैं। उनका जन्म 20 सितंबर, 2001 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुआ था। 24 वर्षीय रोशनी वर्तमान में मुंबई में रहती हैं। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई प्रयागराज से ही पूरी की है। हालांकि, उन्हें बचपन से ही अभिनय में रुचि थी, जिसके चलते उन्होंने मुंबई का रुख किया और विज्ञापनों में काम किया। रोशनी ने टीवी शो 'मैं लक्ष्मी तेरे आंगन की' के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था।

रोशनी ने 'बालिका वधूः कच्ची उमर के पक्के रिश्ते', 'देवों के देव... महादेव', 'ये वादा रहा' और 'भारत का वीर पुत्रः महाराणा प्रताप' जैसे धारावाहिकों में भी काम किया है। वह वेब सीरीज 'नाम नमक निशान' में नजर आ चुकी हैं। रोशनी ने कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा की फिल्म 'फिरंगी' में भी अभिनय किया है। अब वह 'सन ऑफ सरदार 2' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाल मचाती नजर आएंगी।

अभिनेता अजय देवगन जल्द ही फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान विजय कुमार अरोड़ा ने संभाली है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# सेंसर बोर्ड पर भड़के भारतीय दर्शक

**नई दिल्ली।** भारत में 'सुपरमैन' देखने गए दर्शक निराश हुए क्योंकि फिल्म से किसिंग सीन हटा दिए गए थे। सोशल मीडिया पर लोगों ने सेंसरशिप की आलोचना की। सीबीएफसी ने कथित तौर पर कई सारी एडिटिंग की है, जिसमें डेविड और रेचल के बीच 33 सेकंड के किसिंग सीन को छोटा कर दिया गया है। उनका कहना है कि सीबीएफसी एक साधारण किस दिखाने की इजाजत नहीं दे रहा है। सोशल मीडिया पर लोगों के शिकायतों की बाढ़ आ गई, कई फैंस ने सेंसरशिप की आलोचना की और उन रोमांटिक सीन्स को काटने के पीछे के कारण पर सवाल उठाए जिन्हें वे मानक मानते थे।



# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का सीन हुआ लीक...

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस को 'एवेंजर्स' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार है। मार्वल स्टूडियो के लिए भी यह फिल्म बहुत मायने रखती है, क्योंकि 2019 में 'एवेंजर्सः एंडगेम' के बाद से एमसीयू की किसी भी फिल्म ने वो सफलता नहीं पाई है, जिसकी इससे उम्मीद रहती है। 'डूम्सडे' जहां 2026 में रिलीज होगी, वहीं उससे पहले 25 जुलाई को 'फैंटास्टकि फोरः फर्स्ट स्टेप्स' भी आ रही है। बहरहाल, इस बीच 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के सेट से कुछ नई तस्वीर सामने आई हैं, जिसके बाद यह कहा जा रहा है कि फिल्म का प्लॉट लीक हो गया है! 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के सेट से जो नई तस्वीरें आई हैं। दरअसल, तस्वीर में फैंटास्टिक फोर के द थिंग, थंडरबोल्ट्स के यूएस एजेंट और द फाल्कन को एक ही फ्रेम में देखा जा रहा है।



# बैटल ऑफ गलवान में आएंगी नजर

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान पिछले कुछ दिनों से फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान अपूर्व लाखिया को सौंपी गई है। इस फिल्म में सलमान की जोड़ी अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब चित्रांगदा ने पहली बार सलमान के साथ काम करने को लेकर अपनी उत्सुकता साझा की है। चित्रांगदा ने बताया कि वह फिल्म में शामिल होने पर बेहद खास महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा, मुझे आज भी याद है कि मिस्टर खान कहते थे कि हमें साथ काम करने का मौका जरूर मिलेगा और आखिरकार अब ऐसा हो रहा है। जैसे कि सलमान कहते हैं, 'एक बार मैंने कमिटमेंट कर दी तो मैं अपने आप की भी नहीं सुनता।'



# शनाया की पहली फिल्म देख भावुक हुई मां

**मुंबई।** अभिनेता विक्रांत मैसी की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' आखिरकार 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए अभिनेता संजय कपूर और उद्यमी महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। अब शनाया की पहली फिल्म देख उनकी मां महीप भावुक हो गई हैं। उन्होंने अपनी खुशी साझा की है। महीप ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर पर शनाया की बचपन की तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरी बच्ची की पहली फिल्म सिनेमाघरों में आ गई है। भगवान का आभार। आंखों की गुस्ताखियां आपके नजदीकी सिनेमाघरों में।'

## टीवी मसाला



# एकता कपूर ने बताया क्यों लौट रहा 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'

**मुंबई।** इन दिनों अगर छोटे पर्दे का कोई धारावाहिक सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोर रहा है तो वो है 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2'। इसकी पहली झलक से लेकर कहानी और किरदार तक सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। दर्शक टीवी पर इस शो की वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और उत्सुकता होना भी जायज है, क्योंकि 25 साल बाद यह लोकप्रिय शो लौट रहा है। हाल ही में निर्माता एकता कपूर ने इस पर बात की।

***दूसरा सीजन लाने में झिझक रही थीं एकता*** : एकता ने सोशल मीडिया पर बताया कि आखिर क्यों इतने लंबे समय बाद अब वह ये शो लेकर आ रही हैं। उन्होंने लिखा, 'जब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के 25 साल पूरे होने वाले थे और इसे फिर लॉन्च करने का विचार सामने आया तो मेरी पहली प्रतिक्रिया थी, नहीं! मैं क्यों उन पुरानी यादों को छेड़ना चाहूंगी? मैं अपने बचपन को जैसे याद करती हूं और वो वास्तव में वैसा ही था। वो हमेशा अलग रहेगा।'

***एकता के मन में आए ये सवाल***: एकता आगे लिखती हैं, 'टीवी की दुनिया अब बदल चुकी है। जो कभी सिर्फ 9 शहरों पर निर्भर थी, अब दर्शक अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर बिखरे हुए कंटेंट को टुकड़ों में देखते हैं। क्या यह बदलाव 'क्योंकि' की उस ऐतिहासिक टीआरपी को हिला पाएगा, जिसे पहले और बाद में कोई नहीं छू सका? लेकिन क्या यही इस शो की असली विरासत थी? क्या ये सिर्फ एक सबसे ज्यादा टीआरपी वाला शो था?

***ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था- एकता*** : एकता ने लिखा, 'इस शो ने भारतीय घरों की महिलाओं को आवाज दी। साल 2000 से 2005 के बीच पहली बार ऐसा हुआ कि महिलाएं परिवार की बातचीत का हिस्सा बनने लगीं। इसने भारत की कहानी कहने की परंपरा को पूरी दुनिया तक पहुंचाया। ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था, बल्कि इसने घरेलू शोषण, उम्र को लेकर ताने, और इच्छा मृत्यु जैसे मुद्दों को घर-घर में चर्चा का विषय बना दिया। यही थी उस कहानी की असली विरासत।'

### इतनी फीस ले रहीं स्मृति ईरानी

एकता कपूर के लोकप्रिय शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के दूसरे सीजन में एक बार फिर स्मृति ईरानी 25 साल बाद एक बार फिर तुलसी बनकर लौट रही हैं। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का पहला प्रोमो रिलीज हो चुका है, जिसमें स्मृति तुलसी की पूजा करती दिख रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अमुसार, 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में एक बार फिर तुलसी की भूमिका निभाने के लिए स्मृति को निर्माताओं को ओर से प्रतिदिन 14 लाख रुपये का भुगतान किया जा रहा है। इसी के साथ वह भारतीय टेलीविजन की सबसे अधिक कमाई करने वाली अभिनेत्री बन गई हैं। आपको यह जानकार हैरानी होगी कि स्मृति को पहले सीजन के लिए प्रतिदिन 1,800 रुपये मिलते थे। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद इसका खुलासा किया था।

# 'सन ऑफ सरदार 2' का ट्रेलर रिलीज 'जस्सी' बने अजय

**मुंबई।** आने वाले दिनों में कई हिट फिल्मों के सीक्वल दर्शकों के बीच होंगे। इन्हीं में एक है 'सन ऑफ सरदार 2', जिसकी राह दर्शक बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं। फिल्म के हीरो अजय देवगन हैं, जो पिछली बार अपनी हिट फिल्म 'रेड' का सीक्वल 'रेड 2' लेकर आए थे और एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर गए थे। अब उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है।



### कैसा है फिल्म का ट्रेलर?

अजय जब साल 2012 में फिल्म 'सन ऑफ सरदार' लेकर आए थे तो दर्शक हंसते-हंसते लोटपोट हो गए थे। उनकी कॉमिक टाइमिंग जबरदस्त थी। जस्सी रंधावा बनकर उन्होंने इस फ्रेंचाइजी में वापसी की है। ट्रेलर में कॉमेडी के साथ-साथ अजय ने एक्शन का भी तड़का लगाया है। हालांकि, इस बार सरदार बने जस्सी और उनकी टोली खास जम नहीं रही है। इसमें मृणाल ठाकुर, नीरू बाजवा, साहिल मेहता, संजय दत्त और रवि किशन जैसे सितारे भी नजर आ रहे हैं।

### ट्रेलर देख क्या बोले लोग?

ट्रेलर देख एक यूजर ने लिखा, 'जस्सी अपने जबरदस्त डायलॉग्स संग लौट आया है।' एक ने लिखा, 'ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर है पाजी।' एक कमेंट है, 'ट्रेलर इतना झक्कास है तो फिर फिल्म तो पक्का ब्लॉकबस्टर होगी।' उधर कुछ लोगों ने इसे बकवास बताया है। उनका कहना है कि इससे बढ़िया तो पहले वाली फिल्म दोबारा देख लेते। एक ने लिखा, 'कबाड़ा कर दिया सीक्वल का।' उधर कुछ लोगों को ट्रेलर देख दिवंगत अभिनेता मुकुल देव की याद आ गई है।

# 'मालिक' ही नहीं, देखिए मार-धाड़ से लबरेज बॉलीवुड की ये गैंगस्टर फिल्में

*मुंबई। अभिनेता राजकुमार राव फिल्म 'मालिक' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार मानुषी छिल्लर नजर आ रही हैं। राजकुमार पहली बार पर्दे पर गैंगस्टर बन मार-पिटाई करते दिखे हैं और उनका यह एक्शन अवतार प्रशंसकों को खूब भा रहा है। वैसे 'मालिक' से पहले भी बॉलीवुड में कई ऐसी शानदार गैंगस्टर फिल्में बन चुकी हैं, जिनमें एक्शन के साथ-साथ हीरो की डॉनगिरी आकर्षण का केंद्र रही।*

***'वास्तव'*** *: महेश मांजरेकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त ने 'रघु भाई' बनकर धमाल मचा दिया था। फिल्म में बहुत ही शानदार तरीके से मुंबई अंडरवर्ल्ड और नेताओं के रिश्ते को दिखाया गया है। आईएमडीबी ने इसे 8 की रेटिंग से नवाजा है। 7 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ रुपये कमाए थे। अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर यह फिल्म देखी जा सकती है।*



***'सत्या'*** *: राम गोपाल वर्मा के निर्देशन वाली गैंगस्टर फिल्म सत्या से ही मनोज बाजपेयी को बॉलीवुड में पहचान मिली थी या कहें यही वो फिल्म थी, जो उनके करियर में मील का पत्थर साबित हुई। भीखू महात्रे की भूमिका में मनोज ने अपनी तगड़ी एक्टिंग से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। दो करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने 15 करोड़ रुपये कमाए थे। आईएमडीबी पर 8.2 रेटिंग वाली ये फिल्म सोनी लिव और यूट्यूब पर मौजूद है।*

***'गैंग्स ऑफ वासेपुर'***: *इस फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया था। जब भी बॉलीवुड की बेहतरीन गैंगस्टर फिल्मों की बात होती है तो 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' का जिक्र जरूर होता है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने फैजल खान का किरदार निभाकर पर्दे पर तबाही मचा दी थी। 8.2 रेटिंग लेने वाली 3 परिवारों के बीच की दुश्मनी और राजनीति पर आधारित इस फिल्म का लुत्फ आप नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर ले सकते हैं।*

***'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' और 'मकबूल'***: *आईएमडीबी पर 7.4 रेटिंग पा चुकी अजय देवगन, इमरान हाशमी और कंगना रनौत की वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई बेहतरीन गैंगस्टर फिल्मों में से एक है। इसके हरेक सीन पर तालियां बजी थी। आईएमडीबी पर इसे 7.4 रेटिंग मिली है। उधर बॉलीवुड में अलग धाक जमाने वाले दिवंगत अभिनेता इरफान खान ने फिल्म 'मकबूल' में 'मकबूल' बनकर दर्शकों का दिल जीत लिया था। इसकी रेटिंग 8.0 है। दोनों फिल्में अमेजन प्राइम वीडियो, एमएक्स प्लेयर और यूट्यूब पर हैं।*

## फिल्म 2 जिद्दी लोगों के बीच अहंकार की लड़ाई देखने को मिलेगी

# 'लव एंड वॉर' में रणबीर-विक्की के बीच भयानक भिड़ंत, बनेगा भव्य सेट

*मुंबई। निर्देशक संजय लीला भंसाली अपनी भव्य फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उनकी पिछली वेब सीरीज 'हीरामंडी' उदाहरण के लिए काफी है। अब भंसाली की अगली फिल्म का उनके प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले काफी समय से वह फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग कर रहे हैं, जिसे लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। फिल्म से जुड़ीं अब कुछ ऐसी जानकारियां सामने आई हैं, जिनके बाद इसकी राह देख रहे दर्शकों की बेताबी और बढ़ जाएगी।*

### जबरदस्त टक्कर देख रोंगटे खड़े हो जाएंगे

रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त में रणबीर कपूर और विक्की कौशल के बीच एक जबरदस्त सीक्वेंस की शूटिंग होने वाली है, जिसे देख दर्शकों रोंगटे खड़े हो जाएंगे। भंसाली की टीम इस वक्त एक काफी बड़ा सेट तैयार करने में लगी है, जहां नई पीढ़ी के ये 2 सबसे दमदार सितारे एक-दूसरे से भिड़ते दिखेंगे। भंसाली ने रणबीर और विक्की के बीच डायलॉग से भरे इस झन्नाटेदार सीन को प्लान और डिजाइन करने में काफी वक्त लगाया है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

बता दें कि रणबीर और विक्की ने इस फिल्म के लिए शारीरिक तौर पर काफी बदलाव किए हैं। रणबीर ने जहां 12 किलो वजन घटाया है तो वहीं विक्की ने भी 15 किलो वजन कम किया है। अगर सब योजना के मुताबिक चलता रहा, तो मार्च 2026 तक इस फिल्म को रिलीज किया जा सकता है। ये फिल्म वॉर के बैकग्राउंड पर सेट एक लव स्टोरी है, जिसमें 2 जिद्दी लोगों के बीच अहंकार की लड़ाई देखने को मिलेगी।



### कब पूरी होगी 'लव एंड वॉर' की शूटिंग?

सूत्र ने बताया कि 'लव एंड वॉर' की 100 दिनों की शूटिंग पूरी हो चुकी है। 90 दिनों की शूटिंग अभी बाकी है। भंसाली 2025 के अंत तक 'लव एंड वॉर' की शूटिंग पूरी करना चाहते हैं। हालांकि, शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा मुंबई के अलग-अलग स्टूडियो में शूट होगा, लेकिन टीम ने अक्टूबर के बाद यूरोप में एक आउटडोर शूटिंग की भी योजना बनाई है। अपनी बाकी फिल्मों की तरह ही भंसाली इसे भी काफी नाप-तौलकर बना रहे हैं।

### पहली बार दिखेगी रणबीर, विक्की और आलिया

*ये एक ऐसी फिल्म है, जो रणबीर और विक्की द्वारा निभाए गए 2 मजबूत किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों का कनेक्शन आलिया भट्ट के किरदार के साथ दिखाया जाएगा, क्योंकि ये एक लव ट्रायएंगल फिल्म है। रणबीर और विक्की दोनों इस फिल्म में आर्मी अफसर की भूमिका में होंगे। आलिया और रणबीर पहले 'ब्रह्मास्त्र' में साथ काम कर चुके हैं. वहीं 'संजू' में रणबीर ने विक्की के साथ काम किया है। अब तीनों को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।*

खबर संक्षेप

## बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था



**देवरी-सारागांव।** नगर के बस स्टैंड से शनिवार देर रात 35 पद यात्रियों का जत्था झारखंड स्थित प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ धाम के दर्शन हेतु रवाना हुआ। रवाना होने से पूर्व पदयात्रियों ने भूतभावन भगवान आशुतोष शिवजी का विधिवत पूजा-अर्चना कर जयघोष किया तथा यात्रा की मंगलकामना की। पदयात्रियों में रविशंकर पांडेय, लखेश्वर लाला राठौर, अजीत सरकार, नंदू गोटिया, अमितेश, लेखू महराज, गीलू गुप्ता, धर्मेंद्र राठौर सहित नगर युवा सेना एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। पदयात्री कांवर में पवित्र जल भरकर लगभग ढाई सौ किलोमीटर की पदयात्रा कर बाबा बैजनाथ धाम पहुंचेंगे, जहां भगवान शिव का जलाभिषेक कर वे नगर, समाज और परिवार की सुख-समृद्धि एवं सांस्कृतिक एकता की कामना करेंगे।

## रेलवे सलाहकार समिति के विकास सदस्य नियुक्त

**जांजगीर-चांपा।** जिले के प्रतिष्ठित अधिवक्ता विकास अग्रवाल को नैला-जांजगीर रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके सामाजिक योगदान, जनहित के मुद्दों पर सक्रिय सहभागिता और रेलवे सेवाओं में सुधार हेतु उनके सुझावों की महत्ता को ध्यान में रखते हुए की गई है। रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति रेलवे प्रशासन को स्टेशन से संबंधित यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा, समयबद्धता तथा अन्य लोक-कल्याणकारी उपायों पर सुझाव देने वाली एक महत्वपूर्ण समिति है। श्री अग्रवाल की नियुक्ति से न केवल क्षेत्रीय जनता की आवाज रेलवे प्रशासन तक बेहतर ढंग से पहुंचेगी, बल्कि इससे रेलवे सेवाओं में सुधार की दिशा में ठोस प्रयास भी सुनिश्चित होंगे। इस अवसर पर विकास अग्रवाल ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे तथा आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे।



## भूपेंद्र पुनः निर्वाचित हुए गोस्वामी समाज के जिला अध्यक्ष

**अकलतरा।** गोस्वामी समाज की जिला कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को मिनी माता भवन, अकलतरा में समाज के वरिष्ठों, सदस्यों एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत किया गया। चुनाव में भूपेंद्र गिरी गोस्वामी को पुनः जिला अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया। उन्हें कुल 36 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी बलराम गोस्वामी को 14 मत प्राप्त हुए। जिला सचिव पद हेतु लोचन गोस्वामी तथा कोषाध्यक्ष पद पर फौजी राजेश गोस्वामी निर्वाचित हुए। भूपेंद्र गिरी गोस्वामी पूर्व में भी इसी पद पर सफलतापूर्वक दायित्व निभा चुके हैं। समाज ने एक बार फिर उन पर विश्वास व्यक्त करते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष भूपेंद्र गिरी गोस्वामी ने कहा कि समाज को संगठित करना, सभी को साथ लेकर चलना, शिक्षा और संस्कारों का प्रसार करना तथा प्रत्येक परिस्थिति में समाज के सदस्यों के साथ खड़ा रहना हमारा मूल संकल्प रहेगा। निर्वाचन कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, युवा प्रतिनिधि एवं महिला सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## निधन

### श्रीमती मोगरा देवी

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के वीआईपी सिटी निवासी प्रतिष्ठित महिला श्रीमती मोगरा देवी का निधन रायपुर में शनिवार की देर रात हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार 13 जुलाई को रानी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र विजय दुबे ने दी। अंतिम यात्रा में परिवार, रिश्तेदारों, समाजजनों सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। वे अधिवक्ता विजय दुबे एवं हेमंत दुबे की माता तथा आभाष, अभिषेक, शाश्वत एवं अथर्व दुबे की दादी थीं।



### आत्माराम देवांगन

**चांपा।** स्थानीय देवांगन समाज के प्रतिष्ठित नागरिक तथा नगरपालिका चांपा के पूर्व उपाध्यक्ष हरदेव देवांगन के पिता थानापारा निवासी आत्माराम देवांगन का रविवार 13 जुलाई को निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। स्व. देवांगन अपने पीछे चार पुत्रियों एवं तीन पुत्रों का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार सायं 5 बजे हसदेव बेरियर के पास पीआईएल बाइपास मार्ग स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां परिजन, सजातीय बंधुओं सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र मंगलचंद देवांगन ने दी।



पुरुषों के साथ ही महिलाएं भी सुबह होते ही कर रहे खेतों का रुख

# लगातार बारिश के बाद रोपाई के काम में व्यस्त हुए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तुस्मा

लगातार बारिश के बाद खेती किसानी के के कामों में तेजी आई है। ग्राम पंचायत तुस्मा सहित अन्य गांवों में इन दिनों खेतों में लबालब पानी होने के बाद खेतों में रोपा लगाने का काम चल रहा है। खास बात यह है कि इस काम में पुरुषों के साथ महिलाएं भी अपनी सहभागिता निभा रही है। सुबह होते ही किसान मजदूरों के साथ खेतों की ओर निकल जाते हैं।

नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम तुस्मा में इन दिनों धान की रोपाई कार्य जोरों पर है। गांव के किसान दिन निकलते ही अपने खेतों की ओर रुख कर लेते हैं और कठिन परिश्रम से फसल तैयार करने की दिशा में जुट जाते हैं। धान की खेती छत्तीसगढ़ की जीवनरेखा मानी जाती है और इसी जीवनरेखा को मजबूत करने के लिए ग्राम तुस्मा के किसान पूरे उत्साह के साथ रोपाई कार्य में लगे हुए हैं। सुबह होते ही किसान अपने बनिहार (मजदूरों) के साथ खेतों की ओर कूच कर जाते हैं। सबसे पहले खेतों को ट्रैक्टर की मदद से अच्छी तरह से 'लाइहरा फटकाना' (मिट्टी को नरम और समतल करना) किया जाता है, ताकि रोपा (धान का पौधा) सही तरीके से रोपा जा सके। इस प्रक्रिया में खेत को



खेत में रोपा लगाने जुटे किसान।

पूरी तरह से पानी से भरा जाता है और मिट्टी को इतनी बारीकी से जोता जाता है कि वह मुलायम होकर रोपाई के लिए उपयुक्त हो जाए। लाइहरा के बाद रोपाई का कार्य प्रारंभ होता है। महिलाएं और पुरुष मिलकर कतारबद्ध ढंग से पौधों को खेत में रोपते हैं। यह कार्य अत्यंत सावधानी और अनुभव की मांग करता है, क्योंकि पौधों को सही गहराई और दूरी पर लगाना आवश्यक होता है ताकि उन्हें पर्याप्त पोषण और सूर्य प्रकाश मिल सके। गांव के किसान ने बताया कि हर वर्ष हम बारिश का इंतजार करते हैं,और जैसे ही मौसम अनुकूल होता है,हम पूरी तैयारी के साथ रोपाई कार्य शुरू कर देते हैं। रोपाई के इस सीजन में गांव की महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। वे न केवल खेतों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं,बल्कि घर की जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभा रही हैं। इस तरह का समर्पण ग्राम तुस्मा की सामाजिक एकता और मेहनत कश प्रवृत्ति को दर्शाता है। सरकार की योजनाओं जैसे कि समर्थन मूल्य,सिंचाई सुविधाएं,और कृषि उपकरणों पर सब्सिडी ने किसानों को राहत दी है, लेकिन फिर भी उनका मुख्य आधार उनकी मेहनत और प्रकृति की कृपा ही है। गांव के युवा भी अब खेती को अपनाने लगे हैं, जिससे ग्रामीण कृषि में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। यह परिवर्तन न केवल आर्थिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में भी सहायक है। ग्राम तुस्मा के किसानों को इस बार उम्मीद है कि समय पर,खेती किसानी का काम होने से इस वर्ष उन्हें उन्हें भरपूर उत्पादन मिलेगा।



यातायात जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित थाना प्रभारी एवं छात्र-छात्राएं।

## दुर्घटना से बचाव के लिए वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर के लायंस डी ए वी पब्लिक स्कूल में यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के यातायात प्रभारी निरीक्षक सुभाष चौबे के द्वारा कक्षा नवमी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को यातायात संबंधी महत्त्वपूर्ण और आवश्यक जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार के सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय की पहल पर आम जनता को आपातकालीन स्थिति में सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की मदद के लिए राहवीर योजना प्रारंभ की गई है।

इस योजना के तहत कोई भी व्यक्ति जो गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित व्यक्ति को तत्काल सहायता मुहैया कराएगा उसे सम्मानित किया जाएगा। दुर्घटना के स्वर्णिम काल (गोल्डन आवर) के भीतर अस्पताल या फिर ट्रामा केयर सेंटर में पहुंचाकर चिकित्सा उपचार के लिए पहल कर जान बचाई हो ऐसे नेक व्यक्ति को प्रति एक घटना में 25 हजार रुपए से पुरस्कृत किया जाएगा। यदि एक से अधिक राहवीरों के द्वारा पीड़ितों की जान बचाते हैं तो पुरस्कार की राशि 25000 को उनके बीच बराबर में बांटी जाएगी। उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने अभिभावकों को भी सभी जानकारियों को साझा करें । दो पहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते हुए सीट बेल्ट का इस्तेमाल ज़रूर करे । ऐसा करके हम आकस्मिक होने वाली दुर्घटनाओं से सुरक्षित हो सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि हम सभी को जागरूक नागरिक बनना चाहिए और यातायात के नियमों का पालन अपने दैनिक जीवन से शुरू करनी चाहिए जिससे जीवन रक्षा हो सके।

## डायरिया से बचाव के लिए निकाली गई जागरूकता रैली

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय मोहबे के मार्गदर्शन एवं ज़िला प्रशासन, यूनिसेफ तथा युवोदय–हसदेव के हीरो कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत बनारी में डायरिया रोग के प्रति समुदाय में जागरूकता लाने हेतु एक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली विशेष रूप से वर्षा ऋतु में डायरिया, दस्त, उल्टी, पेट दर्द जैसी बीमारियों की बढ़ती आशंका को देखते हुए आयोजित की गई। कार्यक्रम में शासकीय मिडिल स्कूल बनारी के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और युवोदय के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर पूरे गांव में रैली निकाली। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने मेगाफोन के माध्यम से गांववासियों को डायरिया से बचने के लिए आवश्यक उपाय बताए जैसे शौच के बाद साबुन से हाथ धोना, उबालकर पानी पीना, दस्त लगने पर तुरंत ओआरएस घोल का सेवन करना, खुले में शौच न करना, व साफ-सुथरे शौचालय का उपयोग करना। जनजागरूकता कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बनारी के सरपंच देवनारायण सिदार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक नरेन्द्र कश्यप के निर्देशन में किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को बीमारियों से पहले जागरूक करना ही इस अभियान का मूल उद्देश्य है, ताकि इलाज की जरूरत ही न पड़े। शाला के प्रधान पाठक विजय कुमार चौबे, समन्वयक महेश गोस्वामी तथा अन्य शिक्षकों ने भी रैली में भाग लेते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया।



## बाल कैबिनेट का गठन, शाला नायक बनी खुशबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। बच्चों को अपने पदानुरूप जिम्मेदारी का बोध कराने की दिशा में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समझ विकसित करते मतदान प्रक्रिया से अवगत कराते हुए सर्व सम्मति (निर्विरोध ) से किया गया।

- शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में बाल कैबिनेट का किया गया गठन

प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे ने बताया कि लोकतंत्र में जनता अपनी सरकार मतदान का स्वयं चुनती है। इसी अंदाज में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। विद्यार्थियों को मतदान की आयु, निर्वाचन, प्रक्रिया, प्रतिनिधि का चुनाव मतदान के लिए आवश्यक तैयारी चुनाव आयोग के कार्य लोकसभा राज्यसभा विधानसभा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष निर्वाचन चुनाव आदि की जानकारी प्रदान की गई। तत्पश्चात प्रत्यक्ष रूप से दो पदों के लिए मतदान के गतिविधि संपन्न कराई गई जिसमें शाला नायक खुशबू कर्ष कक्षा आठवीं उप शाला नायक नागेश्वर को चुना गया। शेष पदों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से चयन प्रक्रिया अपनाते पदाधिकारी को निर्विरोध मनोनीत किया गया। जिसमें सचिव धनेश्वर प्रसाद विज्ञान सचिव अमृत लाल केंवट सांस्कृतिक सचिव ज्योति भारद्वाज स्वच्छता सचिव देवकुमार कश्यप क्रीड़ा सचिव कृष्ण कुमार निराला स्वास्थ्य सचिव प्रतीक कश्यप छात्र प्रतिनिधि कक्षा नायक आठवीं अभिमन्यु,कक्षा सातवीं कक्षा नायक खुशी कश्यप उप कक्षा नायक साहिल कश्यप कक्षा नायक कक्षा छठवीं हंशिका कश्यप उप कक्षा नायक ओंकार मनहर को मनोनीत किया गया। प्रभारी प्राचार्य रमेश मेहरा,संकुल समन्वयक विश्वनाथ कश्यप ने शाला की संकल्पना को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ाने शपथ दिलाया।



चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करते छात्र-छात्राएं।

## भीमा तालाब सामुदायिक भवन में आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला भीमा तालाब के सामुदायिक भवन में संत रामपाल महाराज के आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। आध्यात्मिक सत्संग में चार वेद, गीता,बाइबल, गुरु ग्रंथ साहिब से प्रमाणित सृष्टि रचना विस्तार से बताया गया। गीता अध्याय 16 श्लोक 23 में कहा है कि हे अर्जुन जो व्यक्ति शास्त्रविधि को त्याग को त्यागकर अपनी इच्छा से मनमाना आचरण करता है। उसको न सुख प्राप्त होता है, न सिद्धि प्राप्त होती है तथा न उसकी गति यानी मुक्ति (मोक्ष प्राप्ति) होती है। संत रामपाल महाराज के सानिध्य में समाज उत्थान के लिए उनके शिष्यों द्वारा आध्यात्मिक सत्संग, रक्तदान शिविर, देहदान, दहेज मुक्त विवाह जैसे उत्कृष्ट कार्य किया जाता है। सत्संग कार्यक्रम में जगतदास महंत, उमाशंकर साहू, योगेंद्र दास, महेंद्र पटेल, बुधराम साहू, दिनेशदास खड्ग, कृष्णा पटेल,खिलावन दास, सोना दास, पनक लहरें फुलचरण चंद्रा सहित बड़ी संख्या श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलमुला

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत भाजपा मण्डल मुलमुला मुख्यालय में कार्यकर्ताओं ने पौधा रोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अकलतरा विधानसभा के पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, मण्डल के कार्यक्रम प्रभारी नगर पालिका जांजगीर के उपाध्यक्ष मोहन यादव एवं भाजपा अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष लहरे मुख्यरूप से उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि चुन्नीलाल साहू ने पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के संकल्प के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के साथ जुड़कर वृक्ष लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के साथ देश के जनमानस ने जुड़कर प्रकृति संरक्षण को जन जन की जिम्मेदारी मानकर जनांदोलन बना दिया है। उन्होंने कहा कि पौधा रोपण के पश्चात रोपित पौधा का उसी प्रकार देखभाल करना है जैसी मां अपने बच्चों की देखभाल करती है। कार्यक्रम को अन्य अभ्यागतों ने भी संबोधित किया। इस दौरान भाजपा मण्डल मुलमुला के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप यादव, कार्यक्रम संयोजक गजानंद कश्यप, मण्डल महामंत्री कौशल जोशी, मण्डल उपाध्यक्ष द्वारिका वर्मा, रामपुकार कश्यप, बसंत साहू, मण्डल मंत्री आनंद कंद सिंह, कार्यालय मंत्री संतोष साहू, मण्डल मंत्री प्रहलाद साहू, डॉ संतोष कश्यप, रमेश वाद्यकार, ननकी सोनी, नंदकिशोर सिंह, चोलराम कौशिक, चंदाराम कश्यप, राजकमल कुंभकार, लक्ष्मी कश्यप, राजधर सिंह, बाबा सिंह, भारत मेहर, आर्यन यादव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



पौधे लगाते अतिथि।

## लीनेस क्लब ने मनाया सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

आंल इडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम 1संपद सक्ती की अध्यक्ष लीनेस अल्का कंवर के नेतृत्व में अतिथि ढाबा में सावन उत्सव का आयोजन किया गया।

सभी लीनेस सदस्यों ने हरी साड़ी और श्रृंगार कर भाग लिया सर्व प्रथम राधा कृष्ण भगवान की पूजा, दीप प्रज्वलित सुषमा जायसवाल जी के द्वारा कर उत्सव का शुभारंभ किया गया। सभी ने सावन के गीत गाते हुए झूला झूला और विभिन्न मनोरंजनात्मक गेमों का आनंद लिया। विजेताओं को क्लब की ओर से उपहार दिया गया। लकी विनर ललिता साहू रही। लीनेस अनीता सिंह सावन सुन्दरी चुनी गई। पूर्व सावन सुन्दरी लीनेस भगवती देवगन ने ताज पहनाया उपहार दिया। इस अवसर पर एक पौधा रोपण किया। एक्सक्यजिटव आफिसर लीनेस शालू पाहवा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों को प्रकृति के समीप रहते हुए प्रकृतिक सौन्दर्य का आनंद लेने व क्लब के सदस्यों के साथ कुछ समय व्यतीत करने का मौका मिलता है। इस अवसर पर पूर्व एरिया आफिसर लीनेस लता नायक, मंजू जायसवाल, विजिया जायसवाल, भगवती देवानंद, पूनम साहू, रीता राज, अमृता सिंह, निधि सिंह, ललिता साहू, प्रभा जायसवाल, कुशल दर्शन, गोपी जायसवाल, मनीषा भारद्वाज, अनीता राठौड़, जमूना जायसवाल, कलेश्वरी साहू एवं अन्य सदस्य उपास्थि रहे।



सावन उत्सव के दौरान उपस्थित लीनेस क्लब की पदाधिकारी व सदस्य।

मंगलाचरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ चातुर्मास मंगल कलश स्थापना आयोजित

## साधु और श्रावक पहिए के दो चक्कों के समान : आर्यिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर के जैन भवन में चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह आचार्य भगवन विद्यासागर महराज, आचार्य समय सागर महाराज एवं आर्यिका आदर्श मति माता के आशीर्वाद एवं ब्रम्हचारी संजू भैया के सानिध्य में आर्यिका अनुपम मति माता, आर्यिका अपूर्व मति माता, आर्यिका अनुत्तर मति माता, आर्यिका अधिगम मति माता, आर्यिका अमंद मति माता, आर्यिका मेरु मति माता एवं आर्यिका अवाय मति माता का धूमधाम से आयोजित हुआ।

महिला मंडल की महिलाओं द्वारा मंगलाचरण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बालिका मंडल की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ- साथ नृत्य की प्रस्तुति दी गई। आचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज की पूजा अर्चना अष्ट द्रव्यों से जैन समाज कमेटी, महिला मंडल, नवयुवक मंडल, बालिका मंडल एवं पाठशाला के बच्चों द्वारा की गई। मंगल कलश स्थापना महोत्सव के अवसर पर नगर में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा जैन मंदिर, बजरंग चौक, शास्त्री चौक, पोस्ट ऑफिस मार्ग आजाद चौक होते हुए वापस जैन भवन में पहुंची, जैन भवन में ब्रह्मचारी संजू भैया द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कलश की स्थापना की गई। कार्यक्रम में जैन समाज नैला, कोरबा, बलौदाबाजार, बिलासपुर, पिंडरई, घंसौर, जबलपुर, नागपुर, भोपाल एवं मध्य प्रदेश के कई स्थानों से श्रावक भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। धर्म सभा को संबोधित करते हुए आर्यिका अनुपम मति माता ने कहा कि वर्षा योग का मतलब होता है पानी का बरसाना एवं उसकी धरती पर आना, चातुर्मास में बहुत से जीवों की उत्पत्ति होती है उन जीवों की रक्षा करने के लिए चार माह तक साधु एवं साध्वी एक ही स्थान पर रहकर साधना करने के साथ जीव की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं । जैन धर्म में चार माह तक साधु एवं साध्वी विहार नहीं करने के साथ एक ही स्थान में रहकर धर्म की प्रभावना करते हैं। साधु और श्रावक पहिए के दो काको के समान हैं। दोनों के बिना जीवन रूपी रथ नहीं चल सकता। श्रावक को चार माह तक धर्म ध्यान करने के साथ साधु की सेवा करना चाहिए। जीवन में हमें एक गुरु अवश्य बनाना चाहिए गुरु के बिना शिष्य एवं शिष्य के बिना गुरु अधूरा होता है।




धर्म सभा को संबोधित करती आर्यिका ।

